पंजाब केसरी 26/03/2026

विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के जरिए दिया नैतिकता व पंच परिवर्तन का संदेश

नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करते गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के विद्यार्थी। (चंद्रमोहन)

अम्बाला, 25 मार्च (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के अंग्रेजी विभाग द्वारा अंग्रेजी साहित्यिक क्लब के सहयोग से बुधवार को कॉलेज परिसर में एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने नैतिकता और पंच परिवर्तन का संदेश दिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों को रोचक, सृजनात्मक एवं सहभागिता पूर्ण माध्यम से विकसित करना था। विद्यार्थियों के सशक्त अभिनय ने दर्शकों को न केवल जागरूक किया, बल्कि उनका भरपूर मनोरंजन भी किया।

कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. नीना ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास को सशक्त बनाती हैं तथा उन्हें सामाजिक रूप से जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित करती हैं। नुक्कड़ नाटक में विद्यार्थियों ने उत्साह, ऊर्जा और आत्मविश्वास के साथ भाग लेते हुए सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी आचरण, नागरिक कर्त्तव्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रभावशाली संदेश प्रस्तुत किया।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने इस रचनात्मक पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उनमें सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रबल करते हैं। यह कार्यक्रम संयोजिका डॉ. नीना, सहसंयोजिका एवं सहायक प्राध्यापक महक तलवार एवं आयोजन सचिव हर्षिता के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष एवं सह प्राध्यापक डॉ. अमित, सह प्राध्यापक डॉ. कमलेश, सहायक प्राध्यापक डॉ. ज्योति, डॉ. अंशु और जनसंचार विभाग के सहायक प्राध्यापक राजिंदर मीरवाल भी उपस्थित रहे।